**श्री महेन्द्र कुमार, सचिव, खेल विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–18.02.2026 (बुधवार) को अपराह्न 02:30 बजे से खेल अवसंरचनाओं के निर्माण की प्रगति की समीक्षा हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सम्पन्न बैठक की कार्यवाही**

1. श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग।
2. श्री सिद्धांत कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
3. श्री अजय कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
4. श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक (क्रीड़ा), खेल निदेशालय।
5. जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक,शा0शि0 (VC के माध्यम से) बिहार।

**कार्यवाही**

सर्वप्रथम सचिव द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों का स्वागत किया गया। तदोपरान्त खेल क्लब के गठन, पंचायत स्तरीय खेल मैदान, प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम, प्रमंडल स्तरीय खेल अवसंरचना निर्माण एवं जिला स्तरीय खेल भवन–सह–व्यायामशाला से संबंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई।

सभी उपस्थित जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक, शा0शि0 द्वारा अद्यतन विस्तृत जानकारी दी गई तथा कतिपय समस्याओं से विभागीय सचिव को अवगत कराया गया। तदोपरान्त सचिव द्वारा बिन्दुवार निदेश दिये गये जो निम्नवत हैः–

**I. खेल क्लब के गठन**

राज्य के सभी जिलों के नगर/ग्राम पंचायतों में खेल क्लब का गठन करा लिया गया है।

अबतक कुल 37 जिलों में खेल क्लब के पदधारकों के साथ मीटिंग कर सुझाव उपलब्ध कराया गया है। वैशाली जिला से प्रतिवेदन अप्राप्त है।

उपर्युक्त के आलोक में जिला पदाधिकारी, वैशाली को अर्द्ध–सरकारी पत्र भेजा जाय।

**(ख) खेल क्लब को क्रियाशील बनाने के संबंधित निम्न निदेश गया है–**

**(i)** सभी ग्राम पंचायतों के खेल क्लब में खेल गतिविधि संचालित करने हेतु Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission - Gramin (मनरेगा)

Pkn

(349)(369)

योजना के तहत निर्मित खेल मैदान चिन्हित किया जाय। जिन पंचायतों में जमीन उपलब्ध है और कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, वहाँ संबंधित पदाधिकारी के साथ बैठक कर कार्य प्रारंभ कराना सुनिश्चित किया जाय।

**(ii)** खेल क्लब को क्रियाशील करने हेतु नजदीक के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शारीरिक शिक्षक को चिन्हित कर खेल क्लब में जोड़ा जाय। यदि उक्त विद्यालय में सरकारी शिक्षक उपलब्ध नहीं हो तो निकटतम विद्यालय के सरकारी शारीरिक शिक्षक को जोड़ा जाय। सचिव खेल विभाग द्वारा निदेशित किया गया कि टैगिंग का कार्य अगले शुक्रवार तक पूर्ण कराने के पश्चात् विभाग को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने तथा जिलों को स्मार पत्र भेजने का निदेश दिया गया। इस संबंध में मार्गदर्शिका तैयार करने का भी निदेश दिया गया।

सचिव, खेल विभाग द्वारा सभी जिला खेल पदाधिकारी/अधीक्षक/उपाधीक्षक शा०शि० को 2–3 दिनों के अंदर टैगिंग का कार्य निष्पादन करने का निदेश दिया गया है। ससमय टैगिंग कार्य नहीं होने पर विभाग द्वारा स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी। टैगिंग प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उसकी समीक्षा के पश्चात् एक सप्ताह के अंदर इस संबंध में मार्गदर्शिका भेजी जायेगी

**(iii)** यदि पंचायत में खेल मैदान उपलब्ध नहीं हो तो नजदीकी किसी विद्यालय के या किसी अन्य खेल मैदान को खेल क्लब से जोड़ते हुए संबंधित जिला को प्रतिवेदन भेजने का निदेश दिया गया है।

**II. <u>MIS Module (App)</u>** – पंचायत/प्रखंड/जिला/प्रमंडल स्तरीय एवं अन्य निर्मित/निर्माणाधीन खेल अवसंरचनाओं की विवरणी फोटो सहित विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने हेतु सभी जिला खेल पदाधिकारी एवं उपाधीक्षक, शा०शि० बिहार को निदेशित किया गया है। अबतक 6045 खेल अवसंरचनाओं का विवरण जिलों द्वारा विभागीय पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

समीक्षा के क्रम में पूर्ण/स्वीकृत/निर्माणाधीन एवं खेलो इंडिया योजनान्तर्गत केन्द्र सरकार की योजना का पूर्ण विवरण साप्ताहिक जाँच एवं **अद्यतन फोटोग्राफ** भी **प्रत्येक सप्ताह** अपलोड किये जाने का निदेश सभी जिला खेल पदाधिकारी एवं

Plai

उपाधीक्षक, शा0शि0 बिहार को पूर्व में दिया गया है। दिनांक–11.02.2026 से 17.02.2026 तक 18 जिलों यथा– मधुबनी, गया, सुपौल, पश्चिम पंचारण, नवादा, रोहतास, कटिहार, दरभंगा, जमुई, गौपालगंज, वैशाली, बेगुसराय, औरंगाबाद, लखीसराय, मुगेर, अरवल, शेखपुरा एवं शिवहर द्वारा अद्यतन स्थिति **MIS Portal** पर अपलोड नहीं किया गया है। जो खेदजनक है। सभी जिलो को निदेशित किया गया कि प्रत्येक सप्ताह निश्चित रूप से जाँच/अद्यतन स्थिति की **Entry MIS Portal** पर करना सुनिश्चित करेंगे।

सचिव, खेल विभाग द्वारा जिन–जिन जिलों से एम0आई0एस0 पोर्टल पर अद्यतन प्रतिवेदन/जांच प्रतिवेदन अपलोड नहीं किया गया है। उन सभी से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए संचिका में उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

## III. आवंटन–

सभी जिला खेल पदाधिकारी एवं उपाधीक्षक, शा0शि0 बिहार को निदेशित किया गया कि यदि आवंटन की आवश्यकता हो तो अविलम्ब उसका प्रस्ताव देंगे।

सभी जिला खेल कार्यालयों द्वारा आवंटन संबंधी अधियाचित राशि अविलम्ब सभी जिला खेल कार्यालयों को उपलब्ध कराने का निदेश प्रशाखा–02 को दिया गया।

## IV. मल्टी/ओपेन जिम एवं खेल उपकरण

वित्तीय वर्ष 2025–26 में खेल एवं जिम उपकरण मद में कुल रु0 10.00 करोड़ रुपये बजट में प्रावधानित है। 25 जिलों से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में कुल रू0 10,79,94,860.00/– राशि मात्र की स्वीकृति दी जा चुकी है। उक्त जिलों के जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक, शा0 शि0 को वित्तीय नियमावली का अनुपालन करते हुए जिम उपकरण अधिष्ठापित करने का निदेश दिया गया है।

जिन जिलों द्वारा मल्टी/ओपेन जिम एवं खेल उपकरण अधिष्ठापित किया जा चुका है, उन्हें निदेश दिया गया कि उपयोगिता प्रमाण–पत्र विहित प्रपत्र एवं फोटो सहित अविलम्ब भेजना सुनिश्चित करेंगे।

Pkri

367

# ओपेन जिम/मल्टी जिम एवं खेल उपकरण वित्तीय वर्ष 2025–26 में राशि की स्वीकृति की विस्तृत विवरणीः–

वित्तीय वर्ष 2025–26 में ओपेन जिम/मल्टी जिम एवं खेल उपकरण मद में राशि की स्वीकृति :–

| क्र0 | जिला का नाम | स्वीकृत्यादेश सं0 | विषय | राशि | टेंडर की स्थिति | अधिष्ठापन की स्थिति | राशि निकासी की स्थिति | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पटना | 303, दि0–03.06.2025 | 01 मल्टी जिम अधिष्ठापन हेतु। | 14,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | राशि निकासी की स्थिति | उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त। |
| 2 | पटना | 449, दि0–29.08.2025 | 1. दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में 1 मल्टी जिम एवं 1 ओपन जिम हेतु।<br>2. नियोजन भवन परिसर में 1 मल्टी जिम हेतु। | 35,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | प्रक्रियाधीन | जिम अधिष्ठापित। |
| 3 | लखीसराय | 365, दि0–03.07.2025 | मल्टी जिम एवं खेल उपकरण हेतु। | 10,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त। |
|  | लखीसराय | 453, दि0–03.09.2025 | 02 स्थलों पर ओपन जिम अधिष्ठापन हेतु | 14,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | प्रक्रियाधीन | जिला कोषागार को भेजा गया है। |
| 4 | सुपौल | 370, दि0–03.07.2025 | 02 स्थलों पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 14,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | प्रक्रियाधीन | जिला कोषागार को भेजा गया है। |
|  | सुपौल | 450, दि0–29.08.2025 | 02 स्थलों पर मल्टी जिम तथा 01 स्थल पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 35,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | प्रक्रियाधीन | जिला कोषागार को भेजा गया है। |
| 5 | बक्सर | 303, दि0–03.06.2025 | 01 मल्टी जिम अधिष्ठापन हेतु। | 6,94,860.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त |
|  | बक्सर | 481, दि0–18.09.2025 | 04 स्थल हेतु ओपन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 28,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | प्रक्रियाधीन। | राशि निकासी की प्रक्रिया में। |
| 6 | पूर्णिया | 454, दि0–03.09.2025 | 01 स्थल हेतु मल्टी जिम अधिष्ठापन हेतु। | 14,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त |
|  | पूर्णिया | 535, दि0–21.11.2025 | 05 स्थलों पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 35,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | – | जिला खेल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनांक–25.02.2026 तक अधिष्ठापित कर लिया जायेगा। |
| 7 | खगड़िया | 378, दि0–08.07.2025 | 01 ओपेन जिम एवं खेल उपस्कर/सामग्री हेतु। | 19,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त। |
|  | खगड़िया | 479, दि0–18.09.2025 | 02 स्थल पर ओपन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 14,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | प्रक्रियाधीन | राशि निकासी अंतिम प्रक्रिया में। |

Pkm

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | पश्चिम चम्पारण | 303, दि0–03.06.2025 | 01 मल्टी जिम अधिष्ठापन हेतु। | 14,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | – | कार्यादेश निर्गत किया गया है। 20 फरवरी तक अधिष्ठापित किये जाने का निदेश आपूर्तिकर्त्ता को दिया गया है। |
| 9 | नवादा | 438, दि0–21.08.2025 | 10 स्थलो पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु | 70,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | प्रक्रियाधीन | 05 जिम की राशि आपूर्तिकर्त्ता को दिया गया है। शेष 05 जिम की राशि दिये जाने हेतु जिला कोषागार भेजा गया है। |
| 10 | बेगूसराय | 369, दि0–03.07.2025 | जिला अतिथि गृह परिसर में 01 मल्टी जिम अधिष्ठापन हेतु। | 14,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण–पत्र |
| | बेगूसराय | 544, दि0–25.11.2025 | 01 मल्टी जिम एवं 04 ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 42,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | – | कार्यादेश में 15 दिनों में जिम अधिष्ठापित हेतु फार्मा को निदेश दिया गया है। |
| 11 | भोजपुर | 363, दि0–03.07.2025 | 02 मल्टी जिम एवं 02 ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 42,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त। |
| | भोजपुर | 53, दि0–16.02.2026 | 01 मल्टी जिम एवं 01 ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 21,00,000.00 | | | | आवंटन दिये जाने हेतु प्रक्रियाधीन |
| 12 | रोहतास | 289, दि0–26.05.2025 | 01 ओपेन जिम एवं 02 मल्टी जिम अधिष्ठापन हेतु। | 35,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | प्रक्रियाधीन | (दो स्थल पर जिम अधिष्ठपित शेष एक प्रक्रियाधीन) उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त। |
| | रोहतास | 551, दि0–01.12.2025 | 05 स्थलों पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 35,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन। | – | अधिष्ठापन की कार्य किया जा रहा है। |
| 13 | जमूई | 455, दि0–03.09.2025 | 03 स्थलों पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 21,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त |
| | जमूई | 575, दि0–15.12.2025 | 04 स्थलों पर ओपन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 28,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | – | 3–4 दिनों में जिम अधिष्ठापन का कार्य कर लिया जायेगा। |
| | जमूई | 54, दि0–16.02.2026 | 04 स्थलों पर ओपन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 28,00,000.00 | – | – | – | तृतीय अनुपूरक से आवंटन दिये जाने हेतु प्रक्रियाधीन। |
| 14 | सिवान | 313, दि0–09.06.2025 | 02 मल्टी जिम अधिष्ठापन हेतु। | 28,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त। |

Pkri

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | समस्तीपुर | 364, दि0–03.07.2025 | 04 ओपेन जिम, मल्टी जिम मरम्मति एवं बैडमिंटन मैट हेतु। | 38,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त। |
| | समस्तीपुर | 60, दि0–19.02.2026 | 02 स्थलों पर ओपन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 14,00,000.00 | – | – | – | – |
| 16 | जहानाबाद | 368, दि0–03.07.2025 | 05 स्थलों पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 35,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित। | – | फार्मा को भुगतान किये जाने हेतु संचिका उपस्थापित किया गया है। |
| 17 | भागलपुर | 377, दि0–08.07.2025 | 12 विभिन्न स्थलों पर ओपेन जिम अधिष्ठापन हेतु। | 84,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजने हेतु प्रक्रियाधीन। |
| 18 | शिवहर | 445, दि0–28.08.2025 | 01 स्थल ओपन जिम के अधिष्ठापन तथा खेल भवन–सह–व्यायामशाला में खेल सामग्री उपलब्ध कराने हेतु | 7,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित | निकासी कर ली गयी है। | जल्द ही उपयोगिता प्रमाण पत्र विभाग को उपलब्ध करा दी जायेगी। |
| 19 | शेखपुरा | 480, दि0–18.09.2025 | 03 स्थलों पर ओपन जिम, 01 स्थल पर मल्टी जिम अधिष्ठापन एवं खेल उपरकण के क्रय हेतु । | 35,00,000.00 | हो चुका है। | – | – | चयनित फार्मा को कार्यादेश निर्गत करने की प्रक्रिया में। |
| 20 | बांका | 530, दि0–21.11.2025 | 05 स्थलों पर ओपन जिम हेतु । | 40,00,000.00 | हो चुका है। | अधिष्ठापित | निकासी कर ली गयी है। | उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त। |
| 21 | गयाजी | 531, दि0–21.11.2025 | 05 स्थलों पर ओपन जिम हेतु । | 35,00,000.00 | निविदा तिथि 23.02.2026 | – | – | |
| 22 | मुंगेर | 532, दि0–21.11.2025 | 02 स्थलों पर ओपन जिम हेतु । | 14,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | – | 1 जिम अधिष्ठापित कर लिया गया है तथा 1 जिम अधिष्ठापन हेतु प्रक्रियाधीन। |
| 23 | औरंगाबाद | 533, दि0–21.11.2025 | 01 स्थल पर मल्टी जिम हेतु । | 14,00,000.00 | निविदा तिथि 19.02.2026 | – | – | |
| 24 | मधेपुरा | 534, दि0–21.11.2025 | 04 स्थलों पर ओपन जिम हेतु । | 28,00,000.00 | हो चुका है। | – | – | कार्यादेश निर्गत किया जा रहा है। |
| 25 | कैमूर | 538, दि0–21.11.2025 | 01 स्थल पर मल्टी जिम हेतु । | 14,00,000.00 | निविदा तिथि 17.02.2026 | – | – | – |
| 26 | पूर्वी चम्पारण | 577, दि0–15.12.2025 | 01 स्थल पर मल्टी जिम एवं 02 स्थलों पर ओपन जिम, अधिष्ठापन हेतु । | 28,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | – | फार्मा को कार्यादेश दे दिया गया है। |
| 27 | नालन्दा | 576, दि0–15.12.2025 | 04 स्थलों पर ओपन जिम हेतु । | 28,00,000.00 | हो चुका है। | – | – | कार्यादेश निर्गत किये जाने हेतु |

Pkni

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | संचिका उपस्थापित। |
| 28 | सहरसा | 578, दि0–15.12.2025 / | 03 स्थलों पर ओपन जिम हेतु । | 21,00,000.00 | हो चुका है। | प्रक्रियाधीन | – | 10–15 दिनों के अन्दर जिम अधिष्ठापन का कार्य कर लिया जायेगा। |
| 29 | किशनगंज | 574, दि0–15.12.2025 | 02 स्थलों पर ओपन जिम हेतु । | 14,00,000.00 | निविदा तिथि 25.02.2026 | – | – | |
| 30 | दरभंगा | 51, दि0–16.02.2026 | 01 स्थल पर ओपन जिम हेतु। | 7,00,000.00 | – | – | – | तृतीय अनुपूरक से आवंटन दिये जाने हेतु प्रक्रियाधीन। |
| 31 | मुजफ्फरपुर | 52, दि0–16.02.2026 | 01 स्थल पर ओपन जिम हेतु। | 7,00,000.00 | – | – | – | तृतीय अनुपूरक से आवंटन दिये जाने हेतु प्रक्रियाधीन। |
| कुल राशि = | | | | **10,79,94,860.00** | | | | |

## V. जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के आयोजन

जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के आयोजन (वर्ष 2024–25) पर व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र जिलों से प्राप्त कर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा विभाग को उपलब्ध कराया जाना है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी जिलों को शेष 40 प्रतिशत राशि उपलब्ध करायी जा चुकी है।

जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024–25 के आयोजन हेतु जिलावार दी गई राशि का विवरणी :–

| क्र0 सं0 | जिला खेल पदाधिकारी का नाम | आयोजन हेतु कर्णांकित राशि | पूर्व में आवंटित राशि 60 प्रतिशत | आयोजन पर कुल व्यय | शेष आवंटित राशि | कुल आवंटित राशि | अवशेष बची राशि | उपयोगिता प्रमाण–पत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला खेल पदाधिकारी, पटना | 980000 | 588000 | 976800 | 388800 | 976800 | | प्राप्त |
| 2 | जिला खेल पदाधिकारी, समस्तीपुर | 930000 | 558000 | 897600 | 339600 | 897600 | | प्राप्त |
| 3 | जिला खेल पदाधिकारी, गोपालगंज | 880000 | 528000 | 738871 | 210871 | 738871 | | अप्राप्त |
| 4 | जिला खेल पदाधिकारी, बक्सर | 880000 | 528000 | 752449 | 224449 | 752449 | | अप्राप्त |
| 5 | जिला खेल पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर | 980000 | 588000 | 824238 | 237238 | 824238 | | प्राप्त |
| 6 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, मधेपुरा | 880000 | 528000 | 747056 | 219056 | 747056 | | अप्राप्त |

Pti

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, अरवल | 880000 | 528000 | 540866 | 12980 | 540866 | | अप्राप्त |
| 8 | जिला खेल पदाधिकारी, सहरसा | 980000 | 588000 | 791120 | 229120 | 791120 | | अप्राप्त |
| 9 | जिला खेल पदाधिकारी, दरभंगा | 980000 | 588000 | 883144 | 296632 | 883144 | | प्राप्त |
| 10 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, सुपौल | 880000 | 528000 | 579600 | 51600 | 579600 | | अप्राप्त |
| 11 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, खगड़िया | 880000 | 528000 | 776138 | 248138 | 776138 | | अप्राप्त |
| 12 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, कैमूर | 880000 | 528000 | 691888 | 162770 | 691888 | | अप्राप्त |
| 13 | जिला खेल पदाधिकारी, वैशाली | 930000 | 558000 | 651339 | 93339 | 651339 | | अप्राप्त |
| 14 | जिला खेल पदाधिकारी, पं० चम्पारण (बेतिया) | 880000 | 528000 | 1265747 | 352000 | 880000 | | अप्राप्त |
| 15 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, औरंगाबाद | 880000 | 528000 | 618787 | 90787 | 618787 | | अप्राप्त |
| 16 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, मधुबनी | 880000 | 528000 | 857180 | 329180 | 857180 | | अप्राप्त |
| 17 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, लखीसराय | 880000 | 528000 | 718334 | 190334 | 718334 | | प्राप्त |
| 18 | जिला खेल पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) | 880000 | 528000 | 806728 | 278728 | 806728 | | अप्राप्त |
| 19 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, बांका | 880000 | 528000 | 634105 | 106105 | 634105 | | अप्राप्त |
| 20 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, नालंदा | 880000 | 528000 | 868613 | 340613 | 868613 | | अप्राप्त |
| 21 | जिला खेल पदाधिकारी, भागलपुर | 980000 | 588000 | 967387 | 379387 | 967387 | | अप्राप्त |
| 22 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, रोहतास | 880000 | 528000 | 974320 | 446320 | 974320 | | अप्राप्त |
| 23 | जिला खेल पदाधिकारी, मुंगेर | 980000 | 588000 | 968256 | 380256 | 968256 | | अप्राप्त |
| 24 | जिला खेल पदाधिकारी, सारण | 980000 | 588000 | 979800 | 391800 | 979800 | | अप्राप्त |
| 25 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, सितामढ़ी | 880000 | 528000 | 711144 | 183144 | 711144 | | अप्राप्त |
| 26 | जिला खेल पदाधिकारी, सिवान | 930000 | 558000 | 880961 | 322961 | 880961 | | अप्राप्त |
| 27 | जिला खेल पदाधिकारी, नवादा | 880000 | 528000 | 878000 | 350000 | 878000 | | अप्राप्त |
| 28 | जिला खेल पदाधिकारी, गया | 980000 | 588000 | 779835 | 191835 | 779835 | | अप्राप्त |
| 29 | जिला खेल पदाधिकारी, भोजपुर | 930000 | 558000 | 558000 | — | अतिरिक्त आवंटन राशि की आवश्यकता नहीं है। | | अप्राप्त |
| 30 | जिला खेल पदाधिकारी, शिवहर | 880000 | 528000 | 373187 | — | | 154813 | प्राप्त |
| 31 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, शेखपुरा | 880000 | 528000 | 667811 | 139811 | 667811 | | अप्राप्त |
| 32 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, बेगुसराय | 930000 | 558000 | 930000 | 372000 | 930000 | | अप्राप्त |
| 33 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, किशनगंज | 880000 | 528000 | 523222 | — | | 4778 | अप्राप्त |
| 34 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, कटिहार | 880000 | 528000 | — | — | अतिरिक्त आवंटन राशि की आवश्यकता नहीं है। | | अप्राप्त |
| 35 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, अररिया | 880000 | 528000 | 521600 | | | 6400 | अप्राप्त |
| 36 | जिला खेल पदाधिकारी, पूर्णिया | 980000 | 588000 | 850640 | 262640 | 850640 | | अप्राप्त |
| 37 | जिला खेल पदाधिकारी, जहानाबाद | 880000 | 528000 | 460418 | | | 67582 | अप्राप्त |
| 38 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, जमुई | 880000 | 528000 | 698971 | 170971 | 698971 | | अप्राप्त |
| | | 3,45,90,000/- | 2,07,54,000/- | 2,83,44,155/- | 79,93,465/- | 2,55,21,981/- | 2,33,573/- | |

Pki

जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में कुछ जिलों को छोड़कर अधिकांश जिलों द्वारा उपयोगिता प्रमाण–पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है। सभी जिला खेल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि एक सप्ताह के अंदर उपयोगिता प्रमाण–प्रत्र बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**(ख) राज्य स्तरीय विधालय खेल प्रतियोगिता 2024–25 के आयोजन हेतु जिलावार दी गई राशि का विवरणी :–**

| क्र0 सं0 | जिला खेल पदाधिकारी का नाम | आयोजन हेतु कर्णांकित राशि | पूर्व में आवंटित राशि 60 प्रतिशत | आयोजन पर कुल व्यय | शेष आवंटित राशि | कुल आवंटित राशि | अवशेष राशि | उपयोगिता प्रमाण–पत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, अरवल | 1556900 | 934140 | 1191711 | 259392 | 1191711 | | अप्राप्त |
| 2 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, कैमूर | 1411600 | 750600 | 1031447 | 280847 | 1031447 | | अप्राप्त |
| 3 | जिला खेल पदाधिकारी, वैशाली | 3091500 | 1854900 | 1596435 | – | | 258435 | अप्राप्त |
| 4 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, मधुबनी | 1759200 | 1055520 | 1392996 | 337476 | 1392996 | | अप्राप्त |
| 5 | जिला खेल पदाधिकारी, नवादा | 1556900 | 934140 | 1146017 | 211877 | 1146017 | | अप्राप्त |
| 6 | जिला खेल पदाधिकारी, गया | 6069400 | 3641640 | 3796732 | 155092 | 3796732 | | अप्राप्त |
| 7 | जिला खेल पदाधिकारी, भोजपुर | 4410300 | 2646189 | 3359940 | 658560 | 3359940 | | अप्राप्त |
| | | आपेन चयन ट्रायल 92000 | 55200 | | | | | अप्राप्त |
| 8 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, किशनगंज | 1769400 | 1061640 | 1013167 | – | | 48473 | अप्राप्त |
| 9 | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, अररिया | 1235104 | 741062 | 833800 | 92738 | 833800 | | अप्राप्त |
| 10 | जिला खेल पदाधिकारी, पूर्णिया | 3863400 | 2318040 | 3097165 | 779125 | 3097165 | | अप्राप्त |
| 11 | जिला खेल पदाधिकारी, जहानाबाद | 2439900 | 1463940 | 451168 | | | 1012772 | अप्राप्त |

राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का 11 जिलों से उपयोगिता प्रमाण–पत्र अप्राप्त है। सभी संबंधित जिला खेल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि एक सप्ताह के अंदर उपयोगिता प्रमाण–पत्र बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## VI. पंचायत स्तरीय खेल मैदान

**(क)** पंचायत स्तरीय खेल मैदान हेतु गया जिला से 02 एवं अरवल जिला से 04 पंचायतों का प्रस्ताव अप्राप्त है। इस हेतु जिला पदाधिकारी गया एवं अरवल को स्मार पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।

(ख) ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित/निर्माणाधीन पंचायत स्तरीय खेल मैदानों का सूची/विवरण प्राप्त किया जाय। जिला खेल पदाधिकारी एवं खेल विभाग के पदाधिकारी द्वारा समय–समय पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण एवं अनुश्रवण हेतु कार्यक्रम बनाने का निदेश दिया गया।

(ग) ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायत स्तरीय खेल के मैदान हेतु न्यूनतम भूमि एवं खेलों की संख्या में बदलाव करते हुए शेष बचे पंचायतों को भी खेल मैदान से अच्छादित करने हेतु क्षेत्रिय पदाधिकारियों को भी निदेशित किया गया है। पिछले बैठक में सभी जिला खेल पदाधिकारी को निदेशित किया गया था कि अपने जिला के उप विकास आयुक्त के माध्यम से इस संबंध मे ससमय बैठक कराते हुए जिन पंचायत से खेल का मैदान नहीं बना है, बनवाना सुनिश्चित करेंगे। सभी जिला खेल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि अगली बैठक के पूर्व इसका अनुपालन प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करेंगे।

## VII. प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम

सचिव द्वारा सभी जिला खेल पदाधिकारियों अधीक्षक/उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, बिहार को मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अन्तर्गत विभिन्न जिलों के प्रखण्डों में निर्मित आउटडोर स्टेडियम को कार्यशील बनाने का निदेश दिया गया है। प्रत्येक जिला में कम से कम दो–तीन स्टेडियम को चिन्ह्ति करने का भी निदेश दिया गया। जिसमें खिलाड़ियों को 01.04.2026 से प्रशिक्षण दिया जा सके।

- जिन प्रखंडों में भूमि के अभाव में/भूमि कम होने के कारण आउटडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव अप्राप्त है उन जिलों के जिला खेल पदाधिकारी को पूर्व में निर्धारित मानक के अनुसार अथवा आउटडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु संशोधित तीन मानकों के अनुरूप भूमि उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है।
- जिन प्रखंडों में आउटडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया जा चुका है किन्तु विभिन्न कारणों से निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। उन जिलों के जिला खेल पदाधिकारी को अविलम्ब कार्य करने का निदेश दिया गया।

• प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम का निर्माण कितने जिले में पूर्ण हो चुका है तथा कितने में निर्माण कार्य अपूर्ण है। इसकी सूची बिहार राज्य भवन निर्माण निगम, पटना से प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

• सभी जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक शा0 शि0 अपने अधीन कम–से–कम –02 प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम का स्थल निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे। जिसमें खेल प्रशिक्षण प्रारंभ हो सके तथा अगली बैठक में तैयारी के साथ उपस्थित रहने का निदेश दिया गया।

• प्रत्येक जिला में जो प्रखंड स्तरीय स्टेडियम एवं अन्य खेल अवसंरचना बना हुआ है। उसमें से 125 स्टेडियम प्रशिक्षण हेतु अच्छी स्थिति में हो उसकी सूची विभाग द्वारा भेजा गया है। सूची के अवलोकनोपरांत संबंधित जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक/अधीक्षक शा0 शि0 (शौचालय, पानी, विद्युत, कमरा एवं बॉन्ड्री) निरीक्षण 15 दिनों के अन्दर करते प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

इस कार्य का अनुश्रवण श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक (क्रीड़ा) द्वारा किया जायेगा।

## VIII. जिला स्तरीय खेल भवन–सह–व्यायामशाला

13 जिलों में खेल भवन–सह–व्यायामशाला के निर्माण के पश्चात बिहार राज्य भवन निर्माण निगम, पटना द्वारा AC, जेनसेट, वाटर प्यूरीफायर एवं आर ओ अधिष्ठापित किया जाना है। इसके संबंध में सभी संबंधित जिला खेल पदाधिकारी एवं उपाधीक्षक, शा0शि0 को निदेश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन विभाग को समर्पित करेंगे। साथ ही जिन जगहों उपकरण अधिष्ठापित होना है, उसकी जांच कर लिया जाय।

उपर्युक्त के संबंध में खेल भवन–सह–व्यायामशाला कितना शुल्क लिया जा रहा है। इसका उपयोग अच्छे तरीके से उपयोग हो। इस संबंध में संबंधित जिला

Pkn

359

खेल पदाधिकारी/अधीक्षक/उपाधीक्षक शा0 शि0 से प्रतिवेदन प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

## IX. प्रमंडल स्तरीय खेल अवसंरचनाओं का निर्माण

पटना में प्रमंडलीय स्तरीय खेल अवसंरचना के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण के संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन के संबंध में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के साथ अगले माह को बैठक निर्धारित है।

## X. अनुपस्थिति

विभागीय कार्यो की समीक्षा हेतु प्रत्येक सप्ताह में एक दिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है। बैठक में बिना किसी अधिकृत कारण के अनुपस्थित जिला खेल पदाधिकारी/अधीक्षक/उपाधीक्षक शा0 शि0 से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निदेश दिया गया है। साथ ही सभी पदाधिकारियों को यह भी निदेशित किया गया कि भविष्य में होने वाले किसी भी बैठक में अनुपस्थित रहने हेतु जिला पदाधिकारी के माध्यम से सूचना भेजने के उपरांत ही बैठक से अनुपस्थित रहेंगे। अन्यथा कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

## XI सुझाव

सचिव द्वारा सभी खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक शा0 शि0 को स्थापना संबंधित आवंटित राशि से संबंधित प्रस्ताव ग्रुप में भेजने का निदेश दिया गया है।

सभी अवर सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी उपरोक्त समस्याओं का ससमय निराकरण करेंगे तथा संयुक्त सचिव इसका अनुश्रवण करेंगे। उपरोक्त वीडियो कॉन्फ्रेंस में सभी अवर सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी निश्चित रूप से सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे।

24/4/2016

(महेन्द्र कुमार)
सचिव।

Pkri

ज्ञापांक– 936 पटना, दिनांक 25.2/2026

प्रतिलिपिः– महाप्रबंधक, परियोजना, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना/ संयुक्त सचिव, खेल विभाग / परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना/सहायक निदेशक (क्रीड़ा/युवा/योजना)/अवर सचिव (संबंधित प्रशाखा– 04&05)/संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर/सभी जिला खेल पदाधिकारी/अधीक्षक शा0 शिक्षा/उपाधीक्षक शा0 शिक्षा, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/2/2026
सचिव।

20/02/2026